STR-6 HI

प्रकाशितवाक्य की किताब का कदम ब कदम अध्यन - प्रोग्राम 6

डॉ। जॉन एकरबर्ग : आज चार में से एक मसीही व्यस्क विश्वास करता है कि यीशु उनके जीवनकाल में लौट आएगा. प्रकाशितवाक्य की किताब का संदेश हम सब के लिए है जो भविष्य की परवाह करते हैं. इसमें यीशु मसीह के चर्च के लिए अन्तिम शब्द हैं, और महत्वपूर्ण सिद्धान्त हैं, जैसे कि रैपचर (उठाया जाना) दूसरा आगमन/ अन्तिम न्याय और ये भी दिखाता है कि शैतान और ख्रिस्तविरोधी का, और जो गलत आस्था में चलते हैं, उनके साथ अंत में क्या होगा/ यीशु भविष्य में होनेवाली घटनाओं के बारे में चेतावनी देता है. क्लेश्काल, हर्म-गिदोन का युद्ध/ और पृथ्वी पर उसका दूसरा आगमन/ इस किताब में वो हजार साल के बारे में बताता है, और अब तक जीवित हर व्यक्ति का अंतिम न्याय और परमेश्वर ने अनन्तकाल के भविष्य में अपने लोगों के लिए क्या योजना बनाई है,

आज, हम आपको प्रकाशितवाक्य की किताब से कदम ब कदम ले जाएगे. स्पष्ट और सटीक तरीके से, कि आप इसका संदेश समझ सके,परमेश्वर ने जिन भविष्य की घटनाओं के बारे में बताया है वो आनेवाली हैं, हम आपको न्योता देते हैं कि जुड़ जाए इस खास प्रोग्राम में द जॉन एन्करबर्ग शो में/

****

प्रो डॉ। जॉन एकरबर्ग : ग्राम में स्वागत है, हम प्रकाशितवाक्य की अद्भुत किताब के बारे में चर्चा कर रहे हैं, डॉक्टर जीमी डियोंग हमें कदम ब कदम दिखा रहे हैं, प्रकाशितवाक्य की किताब से/ आज हम इसे सारांश में देखेगे/ और साथ ही आपके सवाल भी देखेगे, जो आप जानना चाहते हैं, इस जानकारी से जो ये बताना चाहते हैं, ठीक है जीमी अब शुरू करते हैं, आपने यहाँ तीन खम्भे रखे हैं, ये समयकाल है, प्रकाशितवाक्य की किताब का, जो हमें बताया गया है और मैं सोचता हूँ की आप हमारी मदत कर रहे हैं, कि लोग इसे बहुत आसानी से समझ सके/ हमें ये समयकाल देने के द्वारा, बताईये/

डोक्टर जीमी डेयोंग: जॉन, प्रकाशितवाक्य की किताब का पहला अध्याय यीशु के व्यक्तित्व और सामर्थ के बारे में बताता है/ इस अध्याय में हम देखते हैं कि यीशु मसीह सफेद बालोंवाला है/ उसकी आँखे आग की ज्योति जैसे है, उसकी आवाज़ बहुत जल के जैसे है, उसके पैर ताए हुए पीतल जैसे थे जो भट्टी में ताए जैसे हो/ हम देखते हैं कि उसका चेहरा जैसे दोपहरी में चमकनेवाले सूरज जैसे है/ उसके हाथों में सात तारे हैं, और वो सात सोने की दिवटों के बिच चल रहा है/ और अवश्य है तारे तो 7 चर्च के स्वर्गदूत हैं, और सोने के 7 दीवट सात चर्च हैं,वो है अध्याय 1, अवश्य ही मसीह की सामर्थ, यीशु का पुनरुत्थान वचन 18, मैं जो मरा था देखो मैं जीवित हूँ और तुम्हारे सामने जीविता खड़ा हूँ/

फिर हम देखते हैं प्रकाशितवाक्य के अध्याय 2 और 3 में, 7 चर्च को पत्र लिखे गए, चर्च के 7 पत्र दिए गए, चर्च के स्वर्गदूतों को, और यीशु मसीह की और से खास संदेश दे रहे थे/ ये चर्च के लिए मसीह के अंतिम शब्द थे, 7 पत्र 7 चर्च के लिए, जो इसवी सन 95 में जीवित थे, आशिया खंड में/ चर्च इतिहास का ऐसा समय था, वो तो चर्च थे, जरूरी नही कि वो इफिसुस का चर्च हो, थुआतिरा, सारदिस का, या लौदिकिया के हो, लेकिन आज के चर्च के बारे में भी बताता है/

अध्याय 4 में हम मुख्य घटनाओं में से पहले तीन देखते हैं, प्रकाशितवाक्य में, चर्च का रैपचर, अध्याय 1, युहन्ना इसे तुरही की आवाज़ जैसे सुनता है/ वो उसे उपर स्वर्ग में आने के लिए कहता है/ अध्याय 5, स्वर्गदूतों की एक महान क्वायर गाती है, मेमना योग्य है/ अध्याय 5 वचन 12 सटीकता से कहे तो, अध्याय 6, 7 न्याय के तीन सेट्स हैं, 7 मुहर का न्याय, 7 तुरही का न्याय, 7 कटोरो का न्याय/ 21 न्याय हैं, और ये बुरा होते जाता है जैसे हम 7 साल के क्लेशकाल में से जाते हैं/

पहले साड़े तीन साल में, हम यहाँ पर देखते है कि झूठा चर्च होगा, ये है प्रकाशितवाक्य अध्याय 17 में, और फिर पहली मुहर खोली जाती है, वो तो ख्रिस्तविरोधी है, वो सफेद घोड़े पर आता है, सिर पर मुकुट और हाथ में धनुष्य है, और तीर नही है इसका अर्थ है वो अपनी शांति स्थापित करता है, यहाँ सात साल के क्लेशकाल के शुरू में, सच में जब वो उस शान्ति को सहमती देता है, जिसके बारे में दानिएल अध्याय 9 वचन 27 में बताया गया है/ यही तो सात साल के क्लेशकाल के लिए समय शुरू करता है/ दूसरी मुहर तो सफेद घोड़े का सवार का आना होगा, वो तो देशों का एक साथ आना होगा, हम कह रहे हैं रशिया, इरान,अफगानिस्तान, पाकिस्तान, इथियोपिया, सोमालिया, सूडान, सीरिया, मिस्र, टर्की, हम कह रहे हैं सउदी अरेबिया, लेबनान, हम इन देशों के बार मे कह रहे हैं, ये एक साथ यहूदी देश इस्राएल के विरुध्द में आएगे/ और हम इसे अभी इस प्रसारण के दौरान होते हुए देख रहे हैं/

डॉ। जॉन एकरबर्ग : और आप कैसे जानते हैं कि ये खास देश जिसके बारे में बताया है वो ही हैं/

डोक्टर जीमी डेयोंग: क्योंकि बाइबल हमें बताती है, ख़ास जगह पर/ इन देशों के बारे में मैंने बताया जो इस्राएल पर हमला करेगे,सीरिया और मिस्र,ये है दानिएल अध्याय 11 वचन 40 से 45,बहुत से दुसरे देश यहेजकेल अध्याय 38 में और भजन 83 में, प्रभु के वचन में ये अध्याय, ये चित्र दिखाते हैं और देशों के नाम भी, जो अंतिम दिनों में इस्राएल के विरुद्ध में आएगे/

और फिर ये मुहर का बाकि न्याय है जो पृथ्वी पर खोला जाएगा, जिसमें एक चौथाई पृथ्वी नाश होगी, भुकमरी बहुत बढ़ेगी, बहुत सी जगह पर भूकंप आएगा, विश्वास करनेवालों को मारा जाएगा, हम विश्वासी नही क्योंकि वो रैपचर में उठाए जाएगे,लेकिन वो लोग जो क्लेशकाल में यीशु मसीह के पास आएगे/ वो मसीह के पास कैसे आएगे,दो गवाह होगे जो प्रचार करेगे,प्रकाशितवाक्य अध्याय 11 वचन 3 से अध्याय 11 वचन 13 तक, ये दो गवाह प्रचार करेगे, मैं विश्वास करता हूँ कि ये एलिय्याह और हनोक होगे, जो कभी नही मरे थे, वो स्वर्ग में उठाए गए थे, वो वापस आएगे, जैसे इब्रानियों अध्याय 9 वचन 27 कहता है/ कहता है कि मनुष्य के लिए एक बार और फिर न्याय निश्चित है/ ये दो गवाह मर जाएगे और उन्हें यरूशलेम की सडकों पर साडे तीन दिनों तक रखा जाएगा, और तब चमत्कार होगा और वो मुर्दों में से जिठेगे,और स्वर्ग में प्रवेश करेगे/

आखरी साडे तीन साल में, हमें बताया गया है कि बेबीलोन में क्या होगा, देखिए ये झूठा चर्च नाश होने के बाद, ख्रिस्त विरोधी, रोम इटली से जाएगा,जहाँ पर झूठा चर्च था, वो यरूशलेम में जाता है, जहाँ पर भवन है, वहां बैठता है, और परमेश्वर होने का दावा करता है और फिर वो यरूशलेम से जाता है/ झूठा भविष्यवक्ता, शैतानी त्रिएकता का एक सदस्य ख्रिस्त विरोधी की एक मूर्ति वहां रखता है, चिन्ह, चमत्कार और अदभूत काम से वो

उसे चलने और बोलने देता है/ इस बिच ख्रिस्त विरोधी बेबीलोन के असली शहर में जाता है, जो कि इफ्रातिस नदी के किनारे है, जो कि बगदाद इराक से 58 मील की दुरी पर है, वही बेबीलोन था, 4500 साल पहले/ जब निम्रोद ने वो एक संसार की राजनैतिक, सरकारी प्रणाली स्थापित की थी/ जो अंतिम दिनों में क्या होगा ये दर्शाता था/

क्लेशकाल के अंतिम साड़े तीन साल में, 7 तुरही का न्याय है और 7 कटोरे का न्यायहै/ और इसके साथ ये सब है जो बेबीलोन में हो रहा है/ इन 7 तुरहियों के न्याय में आप पृथ्वी पर इकोलॉजिकल न्याय देखेगे/ एक तिहाई समुन्दर लहू बन जाएगा, एक तिहाई मछली मर जाएगी, समुन्दर के उपर के एक तिहाई जहाज भी नाश होगे, घास जल जाएगे, पेड़ जल जाएगे, और पृथ्वी पर इकोलोजिकल न्याय होगा, इन तुरहियों के न्याय के समय में, 5 वा तो बाहरी स्पेस से हमला होगा, जैसे वो दुश्तात्माएँ अथाह कुण्ड से आजाद होगी/ वो टिड्डियों के रूप में आएगी, जैसे बाइबल कहती है, वो मैंने देखी हुई टिड्डियों से अलग होगी/ मनुष्य का चेहरा, स्त्री जैसे बाल, सिंह जैसे बाल, युध्द में जानेवाले घोड़े जैसे झिलम पहने हुए/ बिच्छु जैसे पूछ, और जैसे वो आएगे तो पृथ्वी के एक तिहाई लोगों को मार देगे/ 4 थे मुहर के न्याय में एक चौथाई मरे गए थे, फिर इस तुरही के न्याय में एक तिहाई और उसके साथ ये भी मारे जाएगे, याने पृथ्वी के आधे लोग मर जाएगे/

फिर हम अंतिम न्याय में आएगे, आखरी सात न्याय में, कटोरे के न्याय में, जो जल्दी ही होगे,बाकि समुन्दर लहू बन जाएगा, समुन्दर की सारी मछली मर जाएगी,सूरज इतना गर्म हो जाएगा कि मनुष्य को झुलसा देगा, कि वो दर्द के मारे अपनी जीभ चबाएगे, लेकिन वो मसीह के पास नही आएगे,वो परमेश्वर की निन्दा करता है/ अध्याय 16 वचन 12 में, हम देखते हैं कि इफ्रातिस नदी सुख जाती है/ यही मध्य पूर्व और पूर्व के बिच की सीमा है/ और पूर्व के राजा आते है, हम चर्चा कर रहे हैं,चीन और भारत, जो आज भी पृथ्वी की आधी जनसंख्या बनाते हैं/ और उसके बाद बेबिलोन का विनाश होगा/ असली बेबिलोन का, वो हेडक्वार्टर होगा अंतर्राष्ट्रीय, राजनैतिक, सरकारी शासन का, जिसका मुखिया ख्रिस्त विरोधी होगा, असली बेबीलोन, बेबीलोन कभी नाश नही हुआ था/ बेबीलोन साम्राज्य नाश हुआ था लेकिन बेबीलोन शहर कभी नाश नही हुआ था, यशायाह 13 और 14, यिर्मयाह 50 और 51, प्रकाशितवाक्य अध्याय 18 वचन 10, 17 और 19 कहता है कि एक घंटे में महान नगर बेबीलोन शहर वो अन्तराष्ट्रीय राजनैतिक, सरकारी हेडक्वार्टर नाश होगा/

और फिर यीशु मसीह इस पृथ्वी पर वापस आएगा, जकर्याह 14 वचन 4 कहता है यीशु मसीह आएगा, जैतून के पहाड़ पर/यरूशलेम के शहर में, और उस समय संसार की सारी सेना यरूशलेम में इकट्ठा होगी, जकर्याह 14:2, प्रकाशितवाक्य अध्याय 16 वचन 13 से 60 कहता है कि शैतानी त्रिएकता ख्रिस्तविरोधी, और झूठा भविष्यवक्ता चिन्ह, चमत्कार और अद्भुत काम का उपयोग करेगे, कि संसार की सारी सेना को यरूशलेम में इकट्ठी करे, सामान्य रूप में हर-गिदोन के कैम्पेन के लिए/ युध्द के लिए नही लेकिन कैम्पेन के लिए/

यीशु मसीह अपना भवन बनाएगा/ यहेजकेल 40 से 46 कहता है, मसीहा का भवन जो भवन के पहाड़ पर होगा/ मिलेनियम राज्य में, इस बिच संसार की सारी सेना यजरेल तराई में जाएगी, जो पहाड़ों की तराई है, सारे पहाड़ इस तराई को घेरे है, नेपोलियन ने कहा कि यजरेल की तराई पुरे संसार में युद्ध के लिए सबसे अच्छी तराई है/ वो वहां इकट्ठा होगे, यीशु मसीह उपर जाएगा, वो मर जाएगे, और वो लहू की तराई से निचे आएगा, जिसके बारे में प्रकाशितवाक्य अध्याय 14 में कहा गया है, 19 और 20 में,और फिर वो पेट्रा तक जाएगा/ प्रकाशितवाक्य 12 वचन 7 कहता है कि परमेशर जगह तैयार करेगा, कि आखरी साडे तीन साल में यहूदी लोगो की सुरक्षा करे, मैं विश्वास करता हूँ कि वो पेट्रा है और वो वहां जाएगा, और यहूदियों को इकट्ठा करेगा और उन्हें यरदन की तराई में लाएगा,जैतून के पहाड़ के पीछे,किडरोन पर्वत के पास, भवन के पर्वत पर भवन में लाएगा/ और फिर अपना राज्य स्थापित करेगा, 1000 साल का मिलेनियम राज्य/

अब ख्रिस्त विरोधी और झूठा भविष्यवक्ता आग की झील में फेके जाएगे, हर-गिदोन के युद्ध में अंत में, यीशु मसीह एक स्वर्गदूत को नियुक्त करेगा कि शैतान को लेकर उसे बांध दे और अथाह कुण्ड में डाल दे, 1000 साल के समय के लिए/ वही पर शैतान भी होगा इस 1000 साल के मिलेनियम राज्य में, और यीशु मसीह पृथ्वी पर राज्य और अधिकार करेगा, और इस 1000 साल के अंत में, शैतान कुछ समय के लिए खोला जाएगा, कि उन्हें परखे जो केवल कहते हैं और यीशु मसीह को प्राप्त नही किए हैं, जो इस मिलेनियम राज्य के दौरान जन्मे हैं/

वो एक और बार यरूशलेम शहर को घेरने की कोशिश करेगे, कि यीशु मसीह पर जय पाए, और उस समय परमेश्वर शैतान को मारेगा,और उसे लेकर आग की झील में फेक देगा, वही ख्रिस्तविरोधी और झूठा भविष्यवक्ता होगा, और फिर बहुत दु:ख का समय होगा, महान श्वेत सिंहासन का समय होगा,यीशु मसीह न्यायी होगा, वो उन सब को आग की झील में फेकेगा जिन्होंने उसका इनकार किया है, जो कि दूसरी मृत्यु है/ और उसका बाद अन्तकाल के भविष्य में, नया आकाश, नई पृथ्वी और नया यरूशलेम होगा/

डॉ। जॉन एकरबर्ग : ठीक है हम ब्रेक लेगे, और वापस आने पर, सबसे पहला सवाल जो लोगों ने पूछा है कि उन बच्चों के बारे में क्या जो विश्वासी नही हैं, रैपचर के समय उनका क्या होगा? तो दोस्तों कही मत जाइए हम लौट आएगे और चर्चा करेगे/

****

डॉ। जॉन एकरबर्ग : ठीक है हम लौट आएं हैं और डॉक्टर जीमी डियोंग से चर्चा कर रहे हैं और प्रकाशितवाक्य से देख रहे हैं, लोगों से पहला सवाल पूछा है उन बच्चों के बारे में क्या जो विश्वासी नही हैं लेकिन लेखा देने की उम्र में भी नही आए हैं तो आप हमें बताइए कि रैपचर के समय इनका क्या होगा?

डोक्टर जीमी डेयोंग: हम निश्चित नही जानते हैं, परमेश्वर के वचन में कोई सन्दर्भ नही है, जो हमें निश्चित उत्तर देता है/ बहुत सी मां और बहुत सी दादी माँ ने मुझे ये सवाल पूछा/ हमारे क्यों एन्ड ए सेशन में,मैं उन्हें दो जवाब देता हूँ, नंबर एक राजा दाउद ने अपने छोटे बेटे की मृत्यु के समय कहा/ मैं उसके पास जा सकता हूँ वो मेरे पास नही आ सकता/ ऐसे लगता है कि वो दिखाता है कि उसका छोटा बेटा स्वर्ग में गया, याने दाउद उसके साथ जा सका, हमारे पास संभवता वो शाश्वती है कि रैपचर के समय शायद मा के गर्भ में जो बच्चे हैं वो उठाए जाएगे,वो नंबर एक है, नंबर दो, मत्ती 18 में यीशु ने कहा, बच्चों कि मेरे पास आने से न रोको, वो बच्चों से प्यार करता है, वो उनकी देखभाल करने के लिए रक्षा के दूत भेजता है/ चाहे छोटे बच्चों को कुछ भी जो जाए,यीशु उन से बहुत प्यार करता है, वो उनकी रक्षा करेगा, हमें उनके बारे में चिंता नही करनी है/

डॉ। जॉन एकरबर्ग : ठीक है रैपचर के बारे में दूसरा सवाल, कुछ लोग हैं जिन्होंने सुसमाचार सुना है और शायद प्रभु को स्वीकार करने ही वाले हैं लेकिन अब तक नही किया है, रैपचर होता तो विश्वासी उठाए जाएगे, लेकिन वो छुट जाएगे, क्या उन्हें, दूसरा मौका मिलेगा, इस क्लेशकाल के मध्य में?

डोक्टर जीमी डेयोंग: मैं विश्वास नही करता की दूसरा मौका होगा, इस क्लेशकाल में, इस तरह के तीन कदम ले, याने सबसे पहले सुसमाचार सुने, दूसरा की सुसमाचार समझे और तीसरी बात की अपनी इच्छा से,सुसमाचार का इनकार किया/ दूसरा थिस्सलुनीकियो अध्याय 2 वचन 8 से 12 तक कहता है कि जिन्होंने

सुसमाचार सुना, सुसमाचार समझे हैं,और फिर सुसमाचार का इनकार किया, परमेश्वर उनमें बहुत गडबडी लाएगा, कि वो झूठ पर विश्वास करे,शैतान के झूठ पर/ ख्रिस्त विरोधी उन्हें बता रहा है/ कि वो कौन है और उन्हें क्या करना चाहिए, कि उद्धार प्राप्त करे,उन्हें दूसरा मौका नही मिलेगा/ लेकिन बहुत से लोग होगे, जॉन जो राज्य का सुसमाचार का प्रचार सुनेगे,क्लेशकाल के समय दो गवाहों के द्वारा, 1 लाख 44 हज़ार कुवारे यहूदी पुरुषों द्वारा,वो पुरे संसार में जाएगे, इस सात साल के समय, और पृथ्वी पर हर एक व्यक्ति को प्रचार करेगे, केवल व्ही जिन्होंने यीशु मसीह को स्वीकार करने का मौका नही मिला, जिन्होंने रैपचर के पहले इसे सुना समझा और सुसमाचार का इनकार किया/

डॉ। जॉन एकरबर्ग : कुछ लोग कहते हैं जीमी कि रैपचर होगा क्लेशकाल के बिच ही, तो कुछ क्लेशकाल के अंत में कहते हैं, आप क्यों विश्वास करते हैं कि ये क्लेशकाल के पहले होगा, जहाँ विश्वासी इस आनेवाली विपत्ति में कोई भाग नही लेगे, इसके लिए कौनसा वचन है?

डोक्टर जीमी डेयोंग: प्रकाशितवाक्य अध्याय 3 वचन 10, ये पत्र बच्चों और लोगों को लिखा गया है, उन सब लोगों के लिए जो फिलाडेल्फिया के चर्च में थे, और ये इस तरह कहता है, मैं तुम्हें उस परीक्षा की घड़ी से बचाऊंगा,परीक्षा की उस समय से, क्लेशकाल से, ये नही कहता कि उससे बाहर निकालूँगा, वो कहता है कि रक्षा करूंगा, ये एक कारण है/ प्रकाशितवाक्य में चर्च शब्द का उपयोग 25 बार हुआ है/ इसका उपयोग 19 बार हुआ है, अध्याय 4 के पहले, जो कि रैपचर है/ और ये 6 बार उपयोग किया गया है, अध्याय 19 वचन 11 के बाद याने मसीह का पृथ्वी पर वापस आने के बाद, इसका उपयोग शून्य बाद हुआ है, इन बिच के 16 अध्याय में, जो विवरण देता है, इस सात साल के क्लेशकाल के समय में, जॉन एक तो परमेश्वर हमे कलेशकाल में रखना भूल गया या हमें वहां होना नही चाहिए/ लेकिन एक और कारण है कि हम वहां नही होगे, कलेशकाल का उद्देश तीन तरह से है/ ये तो यहूदी लोगों को यीशु मसीह के लिए जीतना है/ ये तो अन्यजाती की समर्थ को खत्म करना है, और शैतानी त्रिएकता का अंत करना है/ याने ख्रिस्त विरोधी और झूठे भविष्यवक्ता का/ हम उस समय यहाँ नही होगे, वो आनेवाले क्रोध से हमारी रक्षा करेगा, वो उस क्रोध के शुरू होने से पहले हमने उठा लेगा/

डॉ। जॉन एकरबर्ग : सब लोग जानना चाहते हैं पुरे संसार के इतिहास में सबसे बड़े देश का क्या होगा, जो सबसे सामर्थी था, जो सबसे ज्यादा, संसार में सबसे ज्यादा धनी देश था, अमेरिका यदि अमेरिका इन सब में हो, और हम अंतिम समय की घटनाओं के बारे में देख रहे हैं, आप अमेरिका को कहाँ पाते हैं, युनायटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका को बाइबल की भविष्यवाणी में/

डोक्टर जीमी डेयोंग: जॉन, ये सबसे ज्यादा पूछा गया सवाल है, बाइबल की भविष्यवाणीक्यू एन्ड ए में/ युनायटेड स्टेट्स भविष्यवाणी में कही नही बताया गया है, केवल एक सन्दर्भ है जकर्याह अध्याय 14 वचन 2 में, जहाँ ये कहता है कि संसार के सारे देश, यरूशलेम में इकट्ठे होगे,क्लेशकाल के अंत में, मसीह के वापस आने से पहले, यदि सच में अमेरिका हो, रैपचर के बाद, इस पृथ्वी पर बना रहे, और काम करता रहे, तो वो सब देशों के साथ इकट्ठा होगा/

अब सुनिए, यहाँ कुछ अच्छे दृष्टिकोण हैं, मैं विश्वास करता हूँ कि चर्च के रैपचर के समय, सभी देश की सच्चाई खत्म होगी, सब देश नैतिकता का विनाश, पढाई का और मिलटरी का नाश, धन का नाश, देश जो बच्चों को नाश करता है और सदोमी सडकों पर घूमते हैं/ परमेश्वर को न्याय करना ही होगा,मैं सोचता हूँ कि सभी देश नैतिकता से गिर जाएगे, और तीसरे, चौथे, आठवे, नवे या बारहवे वर्ग के देश होगे, कुछ नही होगा, क्लेशकाल के अंत में सब खत्म होगा/

डॉ। जॉन एकरबर्ग : ठीक है, लोग जानना चाहते हैं ख्रिस्त विरोधी के बारे में, आपने बहुत कुछ बताया है सबसे पहले, बहुत से लोग सोचते हैं कि ख्रिस्तविरोधी यहूदी होगा, क्या हमें ख्रिस्त विरोधी को ढूंडने के लिए उसे देखना होगा जो यहूदी पृष्टभूमि से हो?

डोक्टर जीमी डेयोंग: जी, नही, हमें नही देखना चाहिए, क्योंकि ख्रिस्तविरोधी अन्यजाती होगा, शैतान से सामर्थ पाया होगा, जब आप दानिएल अध्याय 7 वचन 7 में देखते हैं, ये कहता है दस सींग जो अन्यजाती के संसार पर सामर्थ होगी, और वचन 24 कहता है कि वो नया बनाया रोमी साम्राज्य होगा, उन दस सींग से एक छोटा सींग आएगा, वो ख्रिस्तविरोधी के 27 नामों में से एक नाम है/ तो वो अन्यजाती के संसार से आता है/ जब आप प्रकाशितवाक्य अध्याय 13 में देखते हैं, इस वचन में बहुत विवरण से बताया है/ ख्रिस्तविरोधी के बारे, ये हमें बताता है और दानिएल अध्याय 7 के बारे में बताता है/ ये बताता है कि एक चिता, एक भालू और एक सिंह, ये तो दर्शन है या चित्र है जो दानिएल ने दर्शन में पाए थे, अध्याय 7 में, ये अन्यजाती के संसार के बारे में बताता है/ ख्रिस्तविरोधी अन्यजाती होगा/

अगला सवाल है कि क्यों यहूदी उसे अपने मसीहा के रूप में स्वीकार करेगे/ जैसे मैंने दूसरा थिस्सलुनीकियों अध्याय 2 में बताया है, वचन 8 से 12 में ये कहता है कि जिन्होंने उस सच्चे के प्रेम का इनकार किया है, कि वो बचाए जाए, उन में परमेश्वर बड़ी गडबडी भेजेगा कि वो झूठ पर विश्वास करेगे, कोई भी यहूदी इस सात साल के समय में, जो यीशु मसीह पर भरोसा रखता है, खैर अवश्य ही ख्रिस्तविरोधी को मसीहा के रूप में स्वीकार नही करेगा, लेकिन सच्चे ख्रिस्त, सच्चे मसीहा को पाएगा,हर यहूदी या हर अन्यजाती जो यीशु मसीह का इन्कार करेगा, इस समय के दौरान, परमेश्वर उस में बड़ी गडबडी भेजेगा, कि वो झूठ पर विश्वास करेगा, और बड़ा झूठ होगा कि ये अन्यजाती संसार का लीडर जो ख्रिस्तविरोधी है, वो यहूदी मसीहा दिखेगा/

डॉ। जॉन एकरबर्ग : हम प्रोग्राम को खत्म करेगे और संसार में लोग जानना चाहते है और हमारे देश के लोग भी, मैं चाहता हूँ कि वो सुन ले, हम यीशु को उद्धारक के रूप में कैसे जानेगे, इसके पहले कि उसे अपने न्यायी के रूप में देखे?

डोक्टर जीमी डेयोंग: जॉन खुशखबर ये है कि यीशु मसीह आया है, चमत्कारी रूप में जन्म है, वो अद्‌भुत जीवन जीया है/ फिर वो भयानक मृत्यु से मरा लेकिन बाद में चमत्कारी पुनरुत्थान हुआ, हमें ये विश्वास करना होगा, आप मेरे दोस्तों यदि आप इस पर विश्वास करते हैं/ तो आपको पहले मानना होगा कि आपको एक उद्धारक चाहिए/ मसीह के मारे जाने, गाढे जाने, और जी उठने पर विश्वास कीजिए, विश्वास कीजिए कि वो आपके पाप मिटाने के लिए आया है, क्रूस पर मरते समय उसने यही किया, जब वो मुर्दों में से जी उठा, उसने साबित किया कि उसने अपने बारे में जो कहा था वो वही है, उसने वही किया जो उसने कहा था,आपको अनन्त जीवन देगा,और उसे पुकारे, सरल तीन वाक्य की प्रार्थना है, यीशु मैं एक पापी हूँ, यीशु तू पापियों कि उद्धार देता है/ यीशु मुझे अभी उद्धार दे/ आप ये सरल तीन वाक्य की प्रार्थना कर सकते हैं, यीशु मसीह को अपने उद्धार और प्रभु के रूप में जाने, और सदा और सदा के लिए उसके साथ हो, ने यरूशलेम और अनन्तकाल के भविष्य में/

डॉ। जॉन एकरबर्ग : जीमी ये अद्‌भुत रहा है, आपके उदाहरण अद्‌भुत हैं और मैं सोचता हूँ कि अपने बहुत से लोगों की मदत की हैं जो सुन रहे हैं कि ये समझ सके कि परमेश्वर हमें भविष्य के बारे में क्या बताना चाहता है जो उसने प्रकाशितवाक्य की किताब में रखा है/ आपका धन्यवाद और दोस्तों हम अपेक्षा करते हैं कि आप ये जानकारी दिल में रखेगे और इसका गहराई से अध्यन करना शुरू करेगे, प्रकाशितवाक्य की किताब को/

****

हमारे टीवी प्रोग्राम देखने के लिए मुफ्त में डाउनलोड कीजिए जॉन एन्करबर्ग ाो एप

"घ्द्धठ्ठन्‌ द्यद्द ठ्ठड़ड़ड्ढद्ध ख्ड्डद्मद्वद्म क्ण्द्धत्द्मद्य" ऋ ख्ऋद्मण्दृध्.दृद्धढ

@JAshow.org

क्दृद्रन्द्धत्ढण्द्य 2017 ऋद्धड्क्ष्